मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः15.03.2026

थाना अहरौरा व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस द्वारा ट्रक में लदा 2212 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद —

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांकः 16.03.2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा व एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत दुर्गाजी पहाड़ी के पास से खड़ी टाटा ट्रक अंकित वाहन संख्याः MH 48 AG 6384 की तलाशी ली गयी तो उक्त वाहन से 1300 बोतल जुबली स्पेशल विस्की (प्रत्येक बोतल 180ml) व 912 बोतल रायल ग्रीन प्रिमियम ब्लेन्डेड विस्की (प्रत्येक बोतल 180ml) अवैध अंग्रेजी शराब (कुल 2212 बोतल) बरामद हुई। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मु0अ0स0- 57/2026 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 318(4),319(2),336(3),338,340(2) बीएनएस का पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त उपरोक्त वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज की गयी।

बरामदगी विवरण —

कुल 2212 बोतल (प्रत्येक बोतल 180ml) अंग्रेजी शराब

टाटा ट्रक अंकित वाहन संख्याः MH 48 AG 6384

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0स0- 57/2026 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व 318(4),319(2),336(3),338,340(2) बीएनएस थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप निरीक्षक आशीष कुमार सिंह मय पुलिस टीम थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त टीम।

EVEREST

MH48AG6348